भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1198
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

आकाश टेबलेट का वितरण

1198. श्री पी॰ राजीवः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वितरण हेतु निर्धारित किए गए आकाश टेबलेट की लक्षित संख्या कितनी है;

(ख) अभी तक कितने आकाश टेबलेट वितरित किए गए हैं;

(ग) क्या आई॰आई॰टी॰, जोधपुर से प्राप्त परीक्षण रिपोर्टों में इस टेबलेट की गुणवत्ता के संबंध में कतिपय मुद्दे उठाए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए कौन-कौन से सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा मिशन (एनएमईआईसीटी) योजना के अंतर्गत शिक्षक सशक्तिकरण के लिए एलसीएडी को प्राप्त करने के पश्चात निम्नलिखित डिलिवरेबल्स प्राप्त करने के लिए आईआईटी राजस्थान को एक परियोजना स्वीकृत की गई थी।

(i) कम लागत की एक्सेस व कम्प्यूटिंग डिवाइसज का अर्जन और परीक्षण

(ii) कम लागत एक्सेस व कम्प्यूटिंग डिवाइसज का इष्टतम हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर

प्रथम चरण में उच्चतर तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में छात्रों को 1,00,000 टेबलेट्स दिया जाना लक्षित किया गया था ताकि इनके प्रचालन और उपयोगिता के संबंध में आगे और तकनीकी फीडबैक का पता लगाया जा सके। 5 अक्तूबर, 2011 को हुए लॉंच समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित विभिन्न संस्थाओं के छात्रों को कुल 366 एलसीएडी (परीक्षण के लिए आईआईटी राजस्थान में रखे गए यन्त्रों को शामिल न करके) वितरित किए गए थे।

(ग) और (घ): आईआईटी राजस्थान से प्राप्त अलग-अलग छात्र फीडबैक फार्मों की जांच करने से पता चलता है कि वे क्षेत्र जहां सुधार की आवश्यकता है इस प्रकार हैं (क) डिवाइस की हीटिंग करना (ख) बैटरी लाइफ बढ़ाने की आवश्यकता (ग) रेसिसटिव टच स्क्रीन के स्थान पर केपेसिटिव टच स्क्रीन होना आदि। मामले को विक्रेता के साथ उठाया गया था और वह बिना किसी वृद्धि लागत के प्रोसेसर को 366 एमएचजैड आर्म 11 वेसड प्रोसेसर से 700 एमएचजैड आर्म कारटेक्स ए 8 प्रोसेसर में अपग्रेड करने, फर्मवेयर में सुधार करने और 2100 एमएएच की बैटरी को 3200 एमएएच क्षमता की बैटरी के साथ परिवर्तित करने सहित परिवर्तन करने के लिए सहमत हो गया है।

***